वार्ड परिक्रमा | जर्जर सड़कें, चोक पड़ी नालियां बिगाड़ रही वार्ड की छवि


# कमला नेहरू वार्ड के कई क्षेत्र मूलभूत सुविधाओं को मोहताज



चोक पड़ी नालियां




जगह-जगह लगा कचरे का ढेर



ट्रकों से सड़क पर उड़ती धूल

**जबलपुर, नवभारत।** कमला नेहरू वार्ड शहर का एक ऐसा वार्ड है, जो पिछले कई सालों से सिर्फ संघर्ष कर रहा है। फिर चाहे वो निगम और रेलवे के बीच की जमीन का मुद्दा हो, या फिर वार्ड को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओ की बात, कमला नेहरू वार्ड के रहवासियों के हाथ हमेशा निराशा ही लगी है। बता दे कि नगर निगम की सीमा अंतर्गत आने वाले कमला नेहरू वार्ड का अधिकांश हिस्सा जीरो डिग्री, विजय नगर, यादव कालोनी, उखरी रोड, एकता चौक और श्री नगर से लगा हुआ है। इनमें से अधिकांश क्षेत्र कछपुरा मालगोदाम से लगे हुए है। जहां आज भी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। इस वार्ड की सबसे बड़ी समस्या गंदगी, कच्ची नाली, जर्जर सड़कें हैं। वही मालगोदाम होने के कारण यहां के रहवासी बरसो से हवा में उड़ती डस्ट से परेशान थे। प्रकाश व्यवस्था बेहतर न होने से कई सड़कें शाम होते ही अंधेरे में डूब जाती थी। निगम के जोन क्रमांक दो कछपुरा में आने वाले इस वार्ड की आबादी लगभग 15 हजार के आसपास है। 2022 में हुए नगर निगम निकाय चुनाव में इस बार भाजपा से अंशुल राघवेंद्र यादव जीती है।

### वर्षों से चली आ रही संघर्ष की कहानी

कमला नेहरू वार्ड के अंतर्गत पुष्प नगर, गणेश नगर और श्री नगर में रहने वाले रहवासियों ने बताया की, वे अपने हक के लिए बरसो से लड़ते आ रहे है। आज से तीन वर्ष पहले तक रेलवे कछपुरा मालगोदाम में बॉक्साइट का ढुलाई बड़ी संख्या में होता था। जिसके कारण पूरे क्षेत्र की वायु गुणवत्ता खराब हो चुकी थी। जिसको रोकने के लिए वार्ड वासियों ने वर्तमान के निगम में नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्र के सहयोग से बड़ा आंदोलन छेड़ा था। इस आंदोलन और जनशक्ति के दम पर रेलवे ने यहां बॉक्साइट की ढुलाई बंद कर यहां की कॉलोनीयों के सामने एक्रेलिक शीट लगा दी है। यही नहीं रेलवे ने अपनी जमीन पर सीमेंट सड़क का निर्माण भी कराया है। जिसके चलते अभी आमजनों को राहत महसूस हो रही है। लेकिन चिंता का विषय यह है कि भविष्य में जब रेलवे इस सड़क को आम लोगों के लिए अगर बंद करता है तो, वार्ड वासियों के लिए यहां पर कोई भी अन्य मार्ग आवागमन के लिए मौजूद नहीं है।

### वार्ड की सड़कें जर्जर नालियां चोक

कमला नेहरू वार्ड में गिने चुने ही पार्क है, जो पहले से ही बदहाल है। जिनके उन्नयन का मुद्दा हमेशा से ही उठता रहा है। वार्ड वासियों कि माने तो वार्ड में सफाई के लिए निगम प्रशासन ने करीब 20 सफाई कर्मचारी तैनात किए हैं, जो आते कम हैं। कुछ का आना होता हैं, लेकिन वो भी सुपरवाइजर और अपनी मर्जी से काम करते हैं। आम लोगों का कहना है कि शिकायत के बाद भी सफाई कर्मचारी क्षेत्र में नहीं आते, जिससे कचरे का भंडार रहता है। वार्ड वासियों ने कहा कि क्षेत्र में कचरे का ढेर न लगे, इसके लिए नियमित कचरा गाड़ी भेजी जानी चाहिए। निजी सफाई कर्मचारी नहीं आते हैं तो सरकारी सफाई कर्मचारियों से सफाई के लिए लगाया जाए। वही नियमित तौर पर सफाई व्यवस्था का आडिट किया जाए, शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए। इसके साथ ही प्रकाश व्यवस्था को बेहतर किए जाए और मुख्य मार्ग से बंद लाइट बदली जाए। वार्ड में अधिकांश हिस्से की सड़को की हालात खराब है, जिसकी मरम्मत की मांग उठती रही है, पर कागजों के अलावा काम नहीं हुआ। श्री नगर, पुष्प नगर समेत कई क्षेत्रों में सड़क के साथ-साथ नालियों का भी निर्माण सही ढंग से नहीं हुआ है। जहां पर सड़क बनी है, वो भी कच्ची नालियां बना दी गई, जिसमें बहने वाला पानी सड़क पर बहता मिलता है। क्षेत्र के मुख्य सड़क के आसपास बनी कालोनियों में प्रकाश व्यवस्था बेहतर है, लेकिन जैसे ही कुछ निचले क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी है।

### पार्षद तो आते है पर समस्या का समाधान नहीं होता

वार्ड के महेंद्र सिंह, बालाराम का कहना है कि पार्षद कालोनियों में आते तो जरूर हैं, लेकिन हम लोगों की समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। जिसको लेकर नवभारत द्वारा वार्ड के पार्षद का मत जाने की कोशिश की गई। जिसपर उन्होंने शालीनता और सूझबूझ से उत्तर देते हुए बताया कि कछपुरा माल गोदाम के पास बनी कॉलोनियां अभी तक निगम के रिकॉर्ड में रजिस्टर्ड नहीं हुई है। जिसके कारण यहां का विकास प्रभावित हो रहा है। उन्होंने आगे बताया कि जल्द ही उत्तर मध्य के विधायक एवं स्वयं मेरे द्वारा इन कॉलोनीयों को रजिस्टर्ड करवा कर तीव्र गति से विकास किया जाएगा।

### इनका कहना है



वार्ड की ज्यादातर नालियां चोक पड़ी हुई है। जिसको लेकर पार्षद को अवगत कराया जा चुका है। यहां के पार्षद कालोनियों में आते हैं।

**महेंद्र सिंह**



कमला नेहरू वार्ड में मालगोदाम के कारण वायु गुणवत्ता हमेशा से ही खराब रही है। बहुत संघर्ष करके यहां पर रह रहे हैं।

**बालाराम**



निगम को सफाई व्यवस्था पर ध्यान देना चाहिए। हमारे वार्ड की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है।

**सीताराम पटेल**

कमला नेहरू वार्ड को लगातार विकसित किया जा रहा है। मेरे से जो भी बन पाता है मैं वो करने के लिए हमेशा ही तैयार रहता हूं। आने वाले कुछ समय के भीतर वार्ड का विकास और तेजी से होगा। सफाई व्यवस्था पर और ध्यान दिया जाएगा।

**अंशुल राघवेंद्र यादव**
**पार्षद, कमला नेहरू वार्ड**



## पुलिस ने लुटेरों का निकाला जुलूस

### वृद्धा से सोने की झुमकी-चेन लूटने वाले गिरफ्तार

**जबलपुर।** रांझी थाना अंतर्गत तुलसीनगर में 14 नवंबर को घर के सामने कुर्सी लगाकर बैठी महिला को बेखौफ लुटेरों ने निशाना बनाते हुए बलपूर्वक सोने की झुमकी, चेन लूटने वाले लुटेरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनकी हेकड़ी निकालने के साथ जुलूस निकाला।

विदित हो कि 14 नवंबर को श्रीमति रामकली रजक 78 वर्ष निवासी तुलसीनगर रांझी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि सुबह लगभग 11-45 बजे अपने घर के सामने कुर्सी लगाकर बैठी थी तभी बड़ा पत्थर सरस्वती स्कूल तरफ से मोटर सायकल में 2 लडक़े आये, उससे बांस का टुकड़ा मांगने लगा, उसने मना किया, तभी उक्त लडक़ा उसके गले में पहनी सोने की चैन छीनने लगा, उसने विरोध किया तो बलपूर्वक उसके वायें तरफ के कान में पहनी हुयी सोने की झुमकी एवं गले में पहनी हुई सोने की चैन कुल कीमती लगभग 60 हजार रूपये की लूट कर मोटर सायकल में बैठकर सेंट ग्रेबियल स्कूल तरफ भागने लगे उसके पड़ोसी ने उन्हें रोकने का प्रयास किया लेकिन दोनों लडक़े तेजी से भाग गये थे।

**सीसीटीव्ही कैमरे से मिला सुराग**

टीआई उमेश गोल्हानी ने बताया कि सीसीटीव्ही कैमरे खंगाले गये और सीसीटीव्ही कैमरो और तकनिकी साक्ष्यो की मदद से घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल क्रमांक एमपी 20 जेड यू 4558 नम्बर निकाला गया और उक्त मोटर साईकिल की तलाश की गई जो मोटर साईकिल मालिक मनीष मेहतो निवासी गांधी व्यायाम शाला रांझी को पकड़ कर पूछताछ की गई जो बताया कि उक्त मोटर साईकिल को उसके परिचित वाले मोहन चौधरी और मनीष बिराहा के व्दारा एक घण्टे के लियें मांग कर ले गये थे जो संदेहियो मोहन चौधरी और मनीष बिरहा को अलग अलग जगह से पकड़ कर विस्तृत पूछताछ करने पर लूट करना स्वीकार किये दोनों के कब्जे से एक सोने की चेन एक कान की झुमकी बराबद की गई है।

### 15 अपराध है दर्ज

आरोपी मोहन चौधरी के पूर्व के 15 अपराध चोरी मारपीट, एवं आर्म्स एक्ट के पाये गये है पूछताछ पर 3सितंबर 2025 को आरोपियों ने अपने अन्य साथी शनि राने के साथ मिलकर मटामर में भी लूट की घटना करना बताया।

## विधायक ने गुर्गे के साथ रोकी कार, रंगदारी नहीं देने पर दवा दुकान संचालक को मारे चाकू

**जबलपुर।** बरेला थाना अंतर्गत गौर तिराहा पर विधायक ने गुर्गे के साथ कार रोकी और रंगदारी नहीं देने पर दवा दुकान संचालक को चाकू से गोद दिया। इसके बाद हमलावर मौके से फरार हो गए वहीं घायल को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जा गया जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। बरेला पुलिस ने बताया कि शुभम पाठक 27 वर्ष निवासी वार्ड न. 11 बरेला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह गौर तिराहा पर मेडीकल स्टोर्स चलाता है बीती रात्रि में लगभग 09.30 बजे अपनी दुकान बंद कर अपनी आल्टो कार क्र. एमपी 20 सीजी 2047 से अपने घर बरेला जा रहा था। रास्ते में सालीवाडा स्कूल के सामने दीपक उर्फ विधायक एवं अक्षय क्षत्री ने उसकी कार के सामने मोटर सायकल अड़ाकर रोक लिया और उससे 1500 रुपए मांगे, उसने मना किया तो दोनों उसके साथ विवाद करने लगे और दोनों ने चाकू से हमला कर उसके कमर तथा जाँघ चोट पहुंचा दी । जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये।

### युवक को चाकू मारा, धमकाया

हनुमानताल थाना अंतर्गत मरही माता मंदिर के पास शराब पीने के लिए रुपए की मांग पूरी न होने पर बदमाशों ने एक युवक को धमकाते हुए चाकू से हमला कर दिया।पुलिस ने बताया कि साहिल गोटिया 18 वर्ष निवासी मरही माता मंदिर तलैया प्रेमसागर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात्रि लगभग 9-30 बजे वह मरही माता मंदिर के पास मोनू कुम्हार की दुकान गुटखा लेने गया था वहां पर दुर्गेश भाट एवं दिवेश भाट आकर शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगे, उसने रूपये देने से किया तो दोनों उसके साथ हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगे दुर्गेश भाट ने चाकू से हमलाकर उसके सिर में चोट पहुँचा दी, चाकू से अपना बचाव करने पर वायें हाथ की गदेली में भी चोट आई है। दोनों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये।

## एक्सीडेंट में घायल युवक की मौत

**जबलपुर।** कोतवाली थाना अंतर्गत उखरी रोड पानी की टंकी के पास एक्सीडेंट में घायल हुए युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि रविवार को मेडिकल कालेज से सूचना मिली कि साहिल कुण्डू 21 वर्ष निवासी नेता कालोनी अधारताल को उखरी रोड पानी की टंकी के पास सड़क दुर्घटना में घायल होने से 11 नवंबर को भर्ती कराया गया था जिसकी दौरान उपचार के रविवार 8-30 बजे मौत हो गयी।

## 20 लाख की डिमांड कर ससुराल वाले करते हैं प्रताड़ित

### पति, सास, एवं ननदों के खिलाफ प्रकरण दर्ज

**जबलपुर।** घमापुर थाना अंतर्गत सिद्दबाबा वार्ड साहू मोहल्ला में रहने वाली नवविवाहिता को ससुराल पक्ष 20 लाख रुपये डिमांड कर ताने देकर प्रताड़ित कर रहा है। पीड़िता ने आरोपी पति, सास, एवं ननदों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि रविवार को श्रीमति सुनीता 32 वर्ष निवासी पास खजरी खिरिया बाई पास चौक थाना अधारताल ने लिखित शिकायत की कि उसका विवाह हरीश रजक पिता सुखराम रजक 40 वर्ष निवासी 48 सिद्दबाबा वार्ड साहू मोहल्ला थाना घमापुर से 26 अप्रैल 2024 को हिन्दू रिति रिवाज से हुआ था, उसके पिता ने शादी 20 लाख रुपए खर्चा किए थे, वह ससुराल आयी तो पति उससे दूर रहते थे पति से कारण पूछा तो पति ने बोला की मेरी शादी माँ एवं बहनों के कहने पर हुई है मुझे तुमसे कोई मतलब नहीं है सास और ननद के समझाने पर कभी कभी उसके पास आते थे, वह अपने मायके गयी, बाद पुनः ससुराल आयी, सास प्रेमा रजक, ननद सुशील रजक, दूसरी ननद श्यामा रजक द्वारा उसे कम दहेज लाने को लेकर ताने देने लगी और घर का बचा हुआ खाना उसे दिया जाने लगा, मायके वालो से मिलने नहीं दिया जाता था और पति हरीश रजक बार बार उसे रखने से मना करता था और मायके जाने के लिए बोलता था, सास एवं दोनों ननदों ने उसे 20 लाख रुपये लाने को कहकर बार बार ताने देकर प्रताडित करती थी। पति हरीश रजक, सास प्रेमा बाई रजक, ननद सुशीला रजक, श्यामा रजक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।

## चना-अंडे के टपरे में छलक रहे थे जाम

**जबलपुर।** कटंगी थाना अंतर्गत बाघोडा रोड में चने और अंडे के टपरे में जाम छलक रहे थे। सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर कार्रवाई की।

पुलिस के मुताबिक बाघोडा रोड में कमल प्रधान अपने चने अंडे के टपरे में अवैध रूप से लोगों को शराब पिला रहा था। सूचना मिलते ही पुलिस ने दबिश दी। शराब पीने वाले पुलिस को देखकर भाग गए। जबकि टपरा संचालक कमल प्रधान पिता मुन्ना प्रधान 28 साल निवासी ग्राम पडाव बेलखाडू कटंगी को पकड़ा गया। टपरे में अवैध रूप से लोगों को शराब पिलाने एवं पीने के सनसाधन उपलब्ध मिले। मौके से शराब व अन्य सामान जब्त कर संचालक के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। इसी प्रकार ओमती पुलिस ने जिला न्यायालय गेट नं 4 के पास दबिश दी जहां सार्वजनिक स्थान में शराब पीते पियूष विनोदिया पिता मुकेश विनोदिया 19 वर्ष निवासी छोटी ओमती खलासी लाईन को पकड़ा गया।

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**जबलपुर।** पनागर थाना अंतर्गत पिपरिया के पास अप ट्रेक पर ट्रेन से कटकर युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि रात्रि देवरी रेल्वे स्टेशन से प्वाइंटमेन रोहणी कुमार पाण्डे 31 वर्ष ने सूचना दी कि रात लगभग 9 बजे गोसलपुर देवरी खंड रेल्वे फाटक नम्बर 327 पिपरिया के पास अप ट्रेक पर 1 अज्ञात व्यक्ति उम्र लगभग 20-25 वर्ष का ट्रेन से कटकर मौत हो गई। अज्ञात मृतक की शिनाखती के प्रयास किये गये अज्ञात मृतक की पहचान अमित कोल पिता बाबूलाल कोल 29 वर्ष निवासी पिपरिया के रूप में हुई।

## 15 दिन बीते, न कातिल ढूंढ सके, न लाश की हुई पहचान

### गोली मारकर की गई थी हत्या

**जबलपुर।** बरेला थाना अंतर्गत बारहा समाधी रोड कैनाल पुल के पास एक नवंबर को एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश पड़ी मिली थी मृतक के शरीर में चोट के निशान थे। शॉर्ट पीएम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया था। युवक की गोली मारकर हत्या की गई थी। हत्या हुए 15 दिन बीत चुके हैं लेकिन अब पुलिस ने तो कातिल को ढूंढ पाई हैं और न ही मृतक की पहचान कर सकी है।

विदित हो कि एक नवंबर को एक अज्ञात युवक का शव ग्राम बारहा समाधी रोड कैनाल पुल के पास संदिग्ध अवस्था में मिला था जिसके सिर पर चोट है। मृतक की उम्र करीबन 45 साल है शॉर्ट पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद अज्ञात के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया गया था मृतक की गोली मारकर हत्या की गई थी और शव को हमलावर यहां लाकर फेंक गया था।

**गुमशुदगी रिकॉर्ड, सोशल मीडिया से भी सुराग नहीं**

पुलिस ने मृतक की शिनाख्तगी के प्रयास करते हुए गुमशुदगी रिकॉर्ड को खंगालने के सोशल मीडिया का सहारा लिया लेकिन लेकिन अब तक पहचान नहीं हो पाई। चौकी प्रभारी टेकचंद शर्मा ने बताया कि आरोपित कौन है इसका भी पता नहीं चल सका है मामले की विस्तृत जांच पड़ताल जारी है। मृतक की शिनाख्तगी के प्रयास जारी हैं।

## कपड़े की रस्सी पर लिपटा था चार फीट लंबा सांप

**जबलपुर।** विजय नगर थानांतर्गत विजय नगर निवासी मनोरमा सिंह के घर में दोपहर तीन बजे जब वे घर के आंगन में बंधी रस्सी से कपड़े उतारने लगी तो देखा कि एक पतला सा चार फीट लंबा सांप रस्सी से लिपट कर चल रहा था। सूचना पर पहुंचे सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे ने रैस्क्यू करते हुए सांप को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया पकड़ा गया।

### इधर धामन सांप ने मचाया हड़कंप

इसी तरह सांयकाल 5 बजे ग्वारीघाट क्षेत्र स्थित आलोक मित्तल के घर के किचन में तीन फीट लंबा धामन सांप निकलने से हड़कंप मच गया श्री दुबे ने रैस्क्यू करते हुए सांप को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया।

## कहीं लगा रहे आग, तो कहीं बंडल ही नहीं उठे

### नियमों की उड़ रही धज्जियां, धीमी गति से काम कर रही कंपनियां, किसान परेशान

**नवभारत,जबलपुर।** जिले में पराली प्रबंधन को लेकर अव्यवस्था लगातार बढ़ती जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहपुरा तहसील के गडर पिपरिया, लामी सहित आसपास के कई गांवों में पराली उठाने का कार्य ठप पड़ा है। किसानों का कहना है कि खेतों में फसल कटने के बाद पराली के ढेर पड़े रहने से नई फसल की बुवाई में भारी दिक्कत आ रही है, वहीं कुछ क्षेत्रों में किसानों द्वारा पराली में आग लगाई जा रही हैं, जिससे फसल और वातावरण दोनों को खतरा उत्पन्न हो रहा है। किसानों का कहना है कि पराली व्यवस्था के चलते उन्होंने आग नहीं लगाई और बंडल अभी भी खेत में रखे हैं, वहीं दूसरे किसान आग लगा रहे हैं, इस तरह से कई किसान नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। किसानों ने प्रशासन से तत्काल पराली उठाने की व्यवस्था कराने और कंपनियों की कार्यशैली की



जांच कराने की मांग की है।

**250 बंडल पड़े, मशीन चली तो भी काम अधूरा**

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार गडर पिपरिया गांव में लगभग 250 पराली बंडल पड़े हुए हैं, जिन्हें उठाने के लिए कंपनी ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। बताया गया कि 14 तारीख को मशीन आई जरूर, लेकिन 40 एकड़ में कटाई होने के बावजूद बंडल उठाने का कार्य ठप पड़ा हुआ है। किसानों का कहना है कि मशीन की धीमी गति और कंपनियों की लापरवाही के कारण खेतों में काम रुक गया है।

**गांवों में आग की घटनाएं निरीक्षण की मांग**

सूत्रों ने बताया कि लामी, गडर पिपरिया सहित कई इलाकों में पराली में आग लगने की घटनाएं बढ़ रही हैं। किसानों का कहना है कि समय पर पराली नहीं उठने से आग का खतरा और बढ़ जाता है। ग्रामीणों ने मांग की है कि अधिकारी मौके पर आकर निरीक्षण करें और त्वरित कार्रवाई करें।

### किसानों का आरोप : सूचना देने पर भी नहीं सुनवाई

किसानों का कहना है कि उन्होंने विभाग और संबंधित एजेंसियों को कई बार सूचना दी, लेकिन न तो मौके पर अधिकारी पहुंचे और न ही पराली उठाने की व्यवस्था की गई। खेतों में पराली पड़ी रहने से बुवाई का समय निकल रहा है और उत्पादन पर भी असर पड़ सकता है।

**दो एग्रीगेटर कंपनियों को जिम्मा, फिर भी काम सुस्त**


जिले में पराली उठाने के लिए दो एग्रीगेटर कंपनियों के साथ प्रशासन ने अनुबंध किया है। ये कंपनियां पाटन, मझौली तथा अन्य क्षेत्रों में पराली उठाने का कार्य कर रही हैं, लेकिन किसानों का कहना है कि काम की रफ्तार बेहद धीमी है और कई गांवों में मशीनें समय पर नहीं भेजी जा रही हैं।

लापरवाही | प्रदेश सरकार द्वारा बनाई जा चुकी है कार्ययोजना

## एंट्री प्वाइंट पर स्वागत द्वार के लिए मोहताज शहर

### नगर निगम, जिला प्रशासन ने धरातल पर नहीं किया अभी तक अमल

**नवभारत,जबलपुर।** इंदौर, भोपाल की सीमाओं में प्रवेश करते वक्त यात्रियों के अभिनंदन के स्वागत द्वारा बनने लगे हैं लेकिन जबलपुर के एंट्री प्वाइंट पर अभी तक इस स्वागत द्वार लगाने की बात पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। नतीजा अभी भी जबलपुर शहर स्वागत द्वार को लेकर मोहताज नजर आ रहा है। जानकारी के अनुसार नगरीय निकायों द्वारा भेजे गए प्रपोजल पर प्रदेश सरकार की मोहर एक साल पहले लग गई थी। इसकी विधिवत घोषणा भी सरकार द्वारा की गई थी। अब तो जबलपुर देश के सबसे स्वच्छ शहरों में दूसरे नंबर का शहर बन चुका है ऐसे में शहर के भीतर आने वाली सड़कों पर मुख्य स्वागत द्वार नहीं बनाए जा



रहे हैं। विदित हो कि स्वागत द्वार के लिए प्रदेश सरकार द्वारा एक कार्य योजना तैयार कराई गई थी। इससे न केवल शहर की स्वच्छता की जानकारी मिलती, बल्कि शहर के वातावरण और पर्यावरण, ट्रैफिक की जानकारी अतिथि को स्वागत द्वार पर ही मिल जाती। स्वागत द्वार का मुख्य मकसद ये था कि अतिथियों को ये पता लग सके कि वो किस स्टार रैंकिंग के शहर में प्रवेश कर रहे हैं। सर्वविदित है कि जबलपुर शहर को 7 स्टार का दर्जा भी प्राप्त हो चुका है।

### महापुरूषों के नाम पर बनने वाले थे स्वागत द्वार

जानकारी के अनुसार प्रवेश द्वार यानि स्वागत द्वार के नाम महापुरूषों व महान शासकों के नाम पर रखे जाने की बात पर भी फैसला प्रदेश सरकार द्वारा लिया गया था कि हर जिले व महत्वपूर्ण शहर में महापुरूषों के नाम पर स्वागत द्वार शहर की सीमा शुरू होने से पहले लगाए जाएंगे। ये स्वागत द्वार की संख्या एक से अधिक भी हो सकती है। लेकिन नगर निगम व जिला प्रशासन द्वारा इस प्लान को लेकर धरातल पर अमल करने कोई जद्दोजहद करती नहीं देखी जा रही है।

### कुछ इस प्रकार थी कार्ययोजना

तय की गई कार्ययोजना में शहर की सीमाओं के बाहर भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण करना, प्रवेश द्वारों पर आने वाले लोगों के स्वागत सत्कार के लिए स्लोगन लिखना, सीमा से बाहर जाने वाले लोगों के लिए आभार भी व्यक्त करना जैसे संदेश, सड़कों के बीच डिवाइडर और विद्युत पोल लगाकर आकर्षक विद्युतीकरण करना शामिल रहा ।